गंदगी ▶ बारिश से पहले जलभराव और गंदगी को लेकर स्थानीय लोगों ने जताई चिंता

# सड़क किनारे फैली गंदगी बनी चिंता का कारण




**नवभारत , जबलपुर ।** शहर में अधारताल क्षेत्र के शास्त्री वार्ड स्थित आनंद नगर में जगह-जगह फैला कचरा स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है । स्थानीय लोगों को कहना है कि सिर्फ रविवार होने के कारण साफ - सफाई दिखती है , लेकिन अन्य दिनों में यही कचरा सड़कों तक फैल जाता है और कई दिनों तक पड़ा रहता है।

**रविवार को दिखती सफाई बाकी दिनों में अलग तस्वीर-** स्थानीय रहवासियों का कहना है कि सिर्फ रविवार को साफ - सफाई दिखाई नज़र आती है , लेकिन नियमित दिनों में कचरा कई दिनों तक नहीं उठता। कचरा सड़को में फैल जाता है और उससे गंदगी पैदा होती है ।

### बारिश में बढ़ सकता है जलभराव का संकट

बारिश के दौरान प्लास्टिक और अन्य ठोस अपशिष्ट बहकर नालियों एवं नालों में पहुंच सकते हैं। इससे जल निकासी बाधित होगी और सड़कों पर पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिससे आम नागरिकों की आवाजाही प्रभावित होगी।

### सड़क किनारे बना अस्थायी कचरा घर

क्षेत्र के कई हिस्सों में सड़क किनारे ही कचरे के ढेर जमा हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो इन स्थानों को लोगों ने अनौपचारिक डंपिंग पॉइंट बना लिया हो। इससे आसपास का वातावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है। लंबे समय तक खुले में पड़ा कचरा मच्छरों और मक्खियों को आकर्षित करता है जिससे यह स्थिति डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य संक्रमण फैलने का कारण बन सकती है खासतौर पर बरसात के समय यह स्थिति गंभीर हो सकती है ।

### इनका कहना है



कई दिनों तक कचरा पड़ा रहता है और धीरे-धीरे सड़क तक फैल जाता है। आज रविवार होने के कारण सफाई हुई है, लेकिन रोज ऐसी व्यवस्था नहीं रहती। बरसात में यही कचरा नालियों को जाम कर देता है, जिससे जलभराव और मच्छरों की समस्या बढ़ जाती है।

**अजीज अहमद खान**



मेरी सड़क किनारे कपड़े प्रेस की दुकान है । दुकान के पीछे की तरफ जहां नाला है वहां कचरा जमा रहने से गंदगी का सामना करना पड़ता है ।बारिश शुरू होने पर यही कचरा नाले में जाकर पानी की निकासी रोक देता है, जिससे दुकान के सामने या आसपास गंदगी और जलभराव की स्थिति बन जाती है।

**रघु रजक, दुकानदार**

# जागरूक नागरिक ही अधिकारों की रक्षा कर सकता है : शक्ति



**जबलपुर, नवभारत।** कानून की जानकारी प्रत्येक बालिका की सबसे बड़ी सुरक्षा है। जागरूक नागरिक ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है तथा समाज को सुरक्षित एवं सशक्त बना सकता है। यह बातें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा ने कही। अवसर था कृष्णमूर्ति मिश्र, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ब्योहरबाग, जबलपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें सामाजिक कुरीतियों एवं अपराधों से सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी प्रदान करना था। उन्होंने छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (पॉश) अधिनियम, 2013 के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए महिलाओं को उपलब्ध कानूनी संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया।

### गुड और बैड टच के बारे में जानकारी दी गई

शिविर में पॉक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण, गुड टच-बैड टच, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत संबंधित अधिकारियों एवं हेल्पलाइन से संपर्क करना चाहिए।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी शिक्षकों ने छात्राओं को विधिक रूप से जागरूक बनाने के इस प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें समाज में कानून के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

# भोपाल से आई विशेषज्ञ टीम ने देखी प्राकृतिक खेती

▶ कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन को देखा



**जबलपुर, नवभारत ।** प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में हुए जिले में हुये कार्यों तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेने संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास, भोपाल से उप संचालक रश्मि वर्गिस के नेतृत्व में आई विशेषज्ञ टीम ने सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र का जायजा लिया। इस दौरान डॉ वर्गिस और उनकी टीम ने ग्राम गोकलपुर में प्रगतिशील कृषक सपना काछी के खेतों और जैव इनपुट संसाधन केंद्र का अवलोकन कर जीवामृत, घन जीवामृत सहित अन्य प्राकृतिक तकनीकों के प्रयोग और उनके परिणामों का सूक्ष्म मूल्यांकन किया। टीम ने कृषकों के साथ संवाद कर प्राकृतिक खेती से मृदा स्वास्थ्य में सुधार, उत्पादन लागत में कमी और गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद प्राप्त होने के लाभों पर विस्तार से चर्चा की तथा इसे पर्यावरण संरक्षण और आय वृद्धि का सर्वोत्तम माध्यम बताया।

इस अवसर पर आत्मा परियोजना अंतर्गत धान की उन्नत किस्म पूसा बासमती के प्रक्षेत्र प्रदर्शन हेतु बीज और दलहन आत्मनिर्भरता योजना के तहत अरहर मिनीकिट का वितरण किया गया। साथ ही, टीम ने कृषकों को उनके उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग और मार्केटिंग हेतु तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। विशेषज्ञ टीम ने ग्राम समनापुर स्थित कृषक पूरनलाल सैयाम की जैव संसाधन इकाई का भी निरीक्षण किया।

# महिलाओं की कान कतरू लुटेरी गैंग पकड़ाई

**6 झपटमारी, 1 वाहन चोरी उगली, 8 लाख का माल जब्त**



**नवभारत, जबलपुर।** राह चलती महिलाओं को टारगेट करने वाली कान कतरू गैंग के सदस्य क्राइम ब्रांच और अधारताल की संयुक्त टीम के हत्थे चढ़ गए है। दो मुख्य आरोपियों सहित दो बालकों को गिरफ्तार किया गया है। लुटेरों ने पूछताछ में आधा दर्जन झपटमारी के साथ एक वाहन चोरी की वारदात करना कबूल किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से मोटरसाइकिल और छीनी गई 6 सोने की झुमकी बरामद की गई हैं। जब्त किए गए मशरूका की कुल कीमत करीब 8 लाख रुपये आंकी गई है। सोमवार को लुटेरी गैंग का पर्दाफाश करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी दहशत का पर्याय बन गए थे। गैंग के सदस्य बाइक, स्कूटी में बैठकर जा रही महिलाओं को निशाना बना उनकी झुमकी लूट रहे थे बल्कि महिलाओं की जान से भी सरेआम खिलवाड़ कर रहे थे। टूव्हीलर में सवार ये लुटेरे चलती गाड़ी पर बैठी महिलाओं के कानों से सोने के झुमकें, जेवर इतनी बेरहमी से नोंचते थें कि महिलाएं घायल हो रहीं थी। सीसीटीव्ही के जरिए आरोपियों को चिन्हित किया गया जिसके बाद उन्हें धरदबोचा गया ।

### हिमांशू-संतोष ने कच्चा चिट्ठा उगला, मॉल से उड़ाई थी बाइक, पॉकेट से निकले झुमके

नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल राजेश्वरी कौरव ने बताया कि पुलिस की टीम ने आनंद नगर में घेराबंदी की। एक नीले रंग की आर-15 बाइक पर दो युवक सवार दिखे जो पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास करने लगे थे लेकिन पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर हिमांशू केवट (21) निवासी ग्राम भूलन, चौकी यादव कॉलोनी, थाना लॉर्डगंज, संतोष कोरी (25) निवासी ग्राम छत्तरपुर, थाना पनागर को धरदबोचा। दोनों बाइक के कागजात पेश नहीं कर सके। संदेह पर दोनों से सख्ती से पूछताछ की गई। आरोपियों ने कबूला कि उक्त चमचमाती स्पोर्ट्स बाइक उन्होंने करीब 1 महीने पहले थाना ओमती क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समदड़िया मॉल की पार्किंग से पार की थी। पुलिस ने जब आरोपियों की तलाशी ली, तो उनकी जेब से सोने के झुमके बरामद हुई। इन आभूषणों के संबंध में जब पूछताछ की गई तो लुटेरों ने गैंग का पूरा कच्चा चिट्ठा खोल दिया।

**चोरी की बाइक से की थी लूट-** अधारताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार कने बताया कि पकड़े गए दोनों युवकों ने स्वीकार किया कि इसी चोरी की बाइक का इस्तेमाल कर उन्होंने अधारताल थाना क्षेत्र में एक महिला के कान से सोने की झुमकी छीनी थी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने बताया कि गैंग में उनके साथ दो और साथी हैं, जिनकी उम्र 17 वर्ष (नाबालिग) है। चारों मिलकर तेज रफ्तार बाइक से राह चलती महिलाओं को निशाना बनाते थे और पलक झपकते ही गायब हो जाते थे। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को भी अपनी अभिरक्षा में ले लिया है।

**इन इलाकों में की थी वारदातें, बेचने की फिराक में थे जेवर-** उप पुलिस अधीक्षक अपराध उदयभान बागरी ने बताया कि आरोपियों ने शहर के अलग-अलग कोनों में दहशत मचा रखी थी। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे छीने हुए झुमकों को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में घूम रहे थे। उन्होंने पनागर में 2 , बरगी, तिलवारा, माढ़ोताल में एक एक वारदातें की। पुलिस ने चारों आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त आर-15 बाइक और 6 सोने की झुमकी कुल कीमती 8 लाख रुपये जब्त कर ली है।

# चक्कर आने पर बाइक से गिरकर घायल महिला ने तोड़ा दम

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट अंतर्गत खैरी, रिंग रोड पुल के नीचे दो सप्ताह पहले मोटरसाइकिल से उतरते समय अचानक चक्कर खाकर सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हुई एक बुजुर्ग महिला की सोमवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जिला नरसिंहपुर के बरेहटा मुंगवानी की रहने वाली तारा बाई साहू (65) बीती 15 जून 2026 को अपने पोते शुभम कुमार साहू (22) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जबलपुर आ रही थीं। सुबह करीब 9 बजे जब वे भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिंग रोड पुल के नीचे ग्राम खैरी के पास पहुँचे, तभी तारा बाई ने पोते से कहा कि उन्हें अचानक चक्कर आ रहे हैं और उन्होंने गाड़ी रोकने को कहा। शुभम अपनी मोटरसाइकिल स्टैंड पर खड़ी कर ही रहा था कि तभी उसकी दादी अचानक चक्कर खाकर रोड पर गिर पड़ीं और बेहोश हो गईं। सड़क पर गिरने के कारण उनके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं।

**14 दिनों तक चला जिंदगी और मौत का संघर्ष-** शुभम ने स्थानीय लोगों की मदद से लहूलुहान और बेहोश दादी को तुरंत इलाज के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहाँ डॉक्टरों की देखरेख में पिछले 14 दिनों से उनका उपचार चल रहा था। लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और सोमवार सुबह करीब 7 :30 बजे उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

# फाइलों से ज्यादा काम जमीन पर दिखना चाहिए : निगमायुक्त



**नवभारत,जबलपुर।** नागरिकों को बेहतर और मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम पूरी तरह मुस्तैद है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने निगम के अधिकारियों और सभी विभागीय प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से शहर की जलापूर्ति, साफ-सफाई, फायर सेफ्टी और प्रकाश व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने दो टूक शब्दों में कहा कि फाइलों से ज्यादा काम जमीन पर दिखना चाहिए। उन्होंने सभी विभागीय प्रमुखों को कड़े निर्देश दिए कि वे आपस में बेहतर तालमेल और समन्वय बनाकर काम करें, ताकि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निवारण हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फील्ड पर सक्रिय रहें। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने अधीनस्थ स्टाफ को स्पष्ट कहा कि गर्मी और आम दिनों में शहर के हर हिस्से में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति बिना किसी बाधा के सुनिश्चित की जाए।

# पत्नी के साथ नहीं आने से क्षुब्ध पति ने लगाई फांसी

**नवभारत, जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत शक्ति नगर गुप्तेश्वर में एक युवक ने मायके से पत्नी के साथ न आने से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह राकेश विश्वकर्मा 55 वर्ष निवासी शक्ति नगर गुप्तेश्वर गोरखपुर ने सूचना दी कि वे तीन भाई है, बडे भाई दिलीप विश्वकर्मा के दो लडके है उनका बडा लडका जय विश्वकर्मा पिता दिलीप विश्वकर्मा 34 वर्ष वह स्कूल बैन चलाता था, उसकी शादी मदनमहल मे किरन के साथ करीबन 4 वर्ष पहले हुई थी उनकी कोई संतान नही है। पत्नी किरन उनके साथ नही रहती थी वह अपने मायके में रह रही थी। कल वह अपने ससुराल किरन को लेने के लिए गये थे पर वह उसके साथ नहीं आई थी, आज सुबह करीबन 6 बजे जय को जगाने के लिए उसके कमरे गया बाहर से अवाज लगाया तो वह दरवाजा नही खोला, दरवाजा अंदर से बंद था धक्का देकर दरवाजा खोला तो देखा कि अपने विस्तर के उपर लगे पंखे से गले मे चुनरी बांधकर फांसी लगा लिया है उसकी मौत हो गयी।

# बच्चों के विवाद में खूनी संघर्ष : दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे, कई घायल

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत कांचघर हनुमान टोरिया में बच्चों के मामूली विवाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस हमले में कई लोग घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कांचघर हनुमान टोरिया निवासी अमर चौधरी (28) बीती रात करीब 9:30 बजे खेरमाई मंदिर के पास उसके बड़े भाई अमित चौधरी की राजकुमार विरहा से बच्चों की किसी बात को लेकर बहस हो रही थी।

# जम्मू से ऑनलाइन कैमरे में दिखे घर के टूटे ताले

**शातिर चोरों ने अलमारी से उखाड़ी तिजोरी, सीसीटीवी में कैद वारदात**



**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत न्यू पीपी कॉलोनी में बेखौफ चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर न सिर्फ अलमारी के परखच्चे उड़ाए, बल्कि भारी-भरकम तिजोरी को बाहर निकालकर उसे कटर से काट दिया। शातिर बदमाश चांदी के बर्तन और नीचे रहने वाले किरायेदार का पासपोर्ट लेकर रफूचक्कर हो गए। यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है ।जम्मू से ऑनलाइन कैमरे में जब मां ने घर के ताले टूटे देखे तो बेटी को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार मदनमहल लेबर चौक निवासी प्राची वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनकी मां प्रगति श्रीवास्तव एमआईजी, न्यू पीपी कॉलोनी, थाना ग्वारीघाट वाले घर में अकेली रहती हैं। वह पिछले तीन महीनों से जम्मू में अपनी छोटी बेटी के घर गई हुई हैं। रविवार की शाम करीब 5:30 बजे मां ने जम्मू से प्राची को फोन किया। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने मोबाइल पर घर के ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो उन्हें गड़बड़ी दिखी। मां ने कहा तुरंत घर जाकर देखो, ताले टूटे हुए लग रहे हैं। जब प्राची आनन-फानन में ग्वारीघाट स्थित मकान पर पहुंची, तो नजारा देखकर दंग रह गई। चोरों ने ऊपर जाने वाले मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया था। इतना ही नहीं, नीचे रहने वाले किरायेदार सुजीत कुमार के कमरे का ताला भी चटका हुआ था। घर के अंदर मास्टर बेडरूम का सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी के अंदर फिट तिजोरी को औजारों की मदद से बाहर खींचा और उसे तोड़ डाला। तिजोरी में रखे चांदी के छोटे बर्तन गायब थे। अलमारी में रखा किरायेदार सुजीत का पासपोर्ट भी चोर उठा ले गए। चोरी की भनक लगते ही जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, तो उसमें दो अज्ञात लड़के घर की बाउंड्री लांघकर अंदर घुसते और वारदात को अंजाम देते साफ नजर आ रहे हैं। प्राची के मुताबिक, मां के जबलपुर लौटने के बाद ही पूरी अलमारी की जांच होगी और पता चल सकेगा कि कुल कितने लाख के जेवरात और नकदी चोरी हुई है। फिलहाल ग्वारीघाट पुलिस ने फुटेज को कब्जे में लेकर अज्ञात चोरों की पतासाजी शुरू कर दी है।

# युवक पर हमला

**जबलपुर।** बेलबाग में बदमाशों ने एक युवक के साथ हाथ घूसों से मारपीट करने के बाद डंडे से हमला कर दिया।

पुलिस के मुताबिक अमित चौधरी 24 वर्ष निवासी बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वेल्डिंग का काम करता है बीती रात लगभग 8:30 बजे नरेश बाबा किराना की दुकान घमापुर चिल्लर पैसे लेने गया था तभी वहां पर रोहित चौधरी एवं राकेश चौधरी पैसे की लेन देन की बात को लेकर विवाद करने लगे, रोहित चौधरी ने हाथ घुसो से एवं राकेश चौधरी डंडे से मारपीट कर उसे सिर में चोट पहुंचा दी एवं जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गए।

सौगात ▶ विभिन्न विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

# दमोहनाका में दो करोड़ सत्तर लाख से बनेगी मॉडल रोड




**नवभारत, जबलपुर।** शहर के संभाग क्रमांक 06 के अंतर्गत आने वाले दमोहनाका दीनदयाल वार्ड में 2.70 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भव्य भूमिपूजन किया गया। संस्कारधानी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और वार्डों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में नगर निगम ने यह कदम बढ़ाया है।

भूमिपूजन के अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के साथ-साथ संस्कारधानी में भी विकास कार्यों की गंगा बह रही है और यह सड़क बनने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी सुधरेगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### अत्याधुनिक मॉडल रोड से चमकेगा क्षेत्र

इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि ग्रीन सिटी जंक्शन से शिवाजी नगर तक 100 फीट चौड़ी अत्याधुनिक मॉडल रोड बनकर तैयार होगी, जिसमें एम-40 सीसी रोड, नाली, डिवाइडर, पाथवे और आकर्षक साइनेज का निर्माण किया जाएगा। डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि मध्य विधानसभा क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं और 2.70 करोड़ रुपये की लागत से क्षेत्र की सूरत पूरी तरह बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि एम-40 ग्रेड की मजबूत सीसी रोड के साथ पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित फुटपाथ, यातायात को नियंत्रित करने के लिए सुंदर डिवाइडर और राहगीरों व वाहन चालकों की सुविधा के लिए दिशा-सूचक व संकेतक बोर्ड आदि कार्य कराए जाएंगे जिससे क्षेत्र की जनता को जाम और जलभराव से मुक्ति मिलेगी। वहीं रिकुंज विज ने कहा कि नगर निगम द्वारा 4 वर्षों में लगभग 2 हजार करोड़ रुपये के कार्य कराए गए हैं।

भूमिपूजन कार्यक्रम में जगत बहादुर सिंह अन्नू, डॉ. अभिलाष पाण्डेय, रिकुंज विज, विवेकराम सोनकर, अंशुल राघवेंद्र यादव, कमलेश अग्रवाल, मोनिका पुष्पेंद्र सिंह, लवली आनंद, मधुवाला राजपूत, सोनिया रंजीत सिंह, अतुल जैन दानी, पुष्पराज पाण्डेय, देवी सिंह, शंकर श्रीवास्तव, रामप्रकाश गर्ग, बद्री शिवहरे, पुन्नू यादव, राजकुमार पटेल, करन चंदेल, बी.डी. साहू और उज्जवल पचौरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कमेटी की बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा




**नवभारत, जबलपुर।** शहर और ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की समन्वय समिति की बैठक 29 जून को शहर जिला कांग्रेस प्रभारी राजकुमार खुराना एवं ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी रजनीश सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में कांग्रेस पार्टी की संपत्ति, भवन, वार्ड कमेटी व ग्राम समिति के सत्यापन, बीएलए सत्यापन और अनुशासन सहित विभिन्न सांगठनिक एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व मंत्री व विधायक लखन घंघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, आलोक मिश्रा, पूर्व विधानसभा प्रभारी अभिनव डीमोले, पश्चिम विधानसभा प्रभारी यतींद्र हीरा चौकसे, कैंट विधानसभा प्रभारी राकेश तिवारी, अभिषेक चौकसे, वीरेंद्र चौबे, विष्णु शंकर पटेल, पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया, अमरीश मिश्रा, कमलेश यादव, रितेश गुप्ता बांटी, आरिफ बेग, सतीश तिवारी, अभिषेक यादव, गीता तिवारी, राजेश तिवारी, अनुराग जैन, रुपेंद्र पटेल, विक्रम सिंह, जगदीश सैनी, राजेश पटेल, सुमिता मिश्रा, दुर्गेश पटेल, नरेंद्र सिंह, विवेक पटेल, झल्ले लाल जैन, प्रशांत मिश्रा, करण तामसेतबार, परमलाल अहिवासी, राजेश पटेल, बलवंत सिंह गुर्जर, लक्ष्मीकांत शुक्ला, रुक्मणी गोटिया, प्रमोद शुक्ला, प्रदीप पटेल, विवेक यादव, मनीष पटेल, ताहिर अली, अरुण पवार, रिजवान कोटि, प्रमेंद्र चौहान, मदन लारिया, फिरोज़ ठाकरे, ताहिर खोकर, श्याम सुंदर यादव, मुख्तार अली, पंकज पटेल, संजू ठाकुर, राकेश चौधरी और दिलीप कुरील सहित समन्वय समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।